सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **141**
07/02/2026

आई0जी0आई0एम0एस0 के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 मनीष मंडल के पिता स्व0 डॉ0 अरूण कुमार मंडल के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 07 फरवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज आई0जी0आई0एम0एस0 के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 मनीष मंडल के पिता प्रसिद्ध चिकित्सक स्व0 डॉ0 अरूण कुमार मंडल के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। पटना के आई0जी0आई0एम0एस0 के गेस्ट हाउस में आयोजित शोक सभा एवं श्राद्धकर्म में मुख्यमंत्री ने स्व0 डॉ0 अरूण कुमार मंडल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने डॉ0 मनीष मंडल एवं उनके परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******